ISSN 0972-5539

मीना समाचार
MEENA News
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का प्रकाशन
A PUBLICATION OF FISHERY SURVEY OF INDIA

खंड 30 संख्या 1 मुंबई जनवरी-मार्च 2013

## अनुसंधान क्षेत्र से

### जाइंट समुद्री केट फिश पकड़

*भारतीय मात्स्यिकी* सर्वेक्षण के विशाखपट्टणम से जुडे ट्रॉलर *मत्स्य दर्शिनी* ने मार्च 2013 माह के दौरान एक ही हॉल में 45 नग जांइट केट फिश एरियस थलस्सिनस (रप्पेल,1837) पकड़ी । जलयान अक्षांश 17ओ 57.8' उ./ 83ओ 47.8' पू.(कलिंगपटनम से दूर दक्षिण) के बीच के क्षेत्र में 38 मी गहराई में प्रचालन किया । नमूने की कुल लंबाई 27.0 से.मी -97.5 से.मी के आस पास रही एवं वजन 0.250-11.000 कि. ग्रा. दर्ज किया गया ।

एफ ए ओ रिकार्ड के अनुसार (एफ ए ओ, 1973; 1984) जाइंट केट फिश पकड़ का अधिकतम आकार 185 से.मी. था और सामान्य आकार 25-70 से.मी. के बीच है । वे तटीय जल में 100 मी गहराई के नीचे रहती है। जाइंट कैट फिश भारत के दोनों पूर्वी एवं पश्चिमी तट के समीप प्रचुर है। आन्ध्र प्रदेश, ओडीषा एवं पश्चिम बंगाल तट पर कैट फिश पकड़ में ए. थलस्सिनस प्रमुख घटक है। वाणिज्यिक मात्स्यिकी 50 मी. से कम थल तक सीमित है ।



**(श्री ए. सिवा, व. वैज्ञानिक सहायक, भा.मा.स. का विशाखपट्टणम बेस द्वारा संसूचित)**

### मत्स्य दृष्टि पर कार्यान्वित पोप अप टूना टेग्गिंग कार्यक्रम

*भारतीय समुद्र में टूना के प्रवासी पैटर्न पर उपग्रह टेलिमेट्रि अध्ययन परियोजना* (सट्टूण) के तहत पोप अप टूना टेग्गिंग कार्यक्रम के एक भाग के रुप में चार टूना को टैग किए गए । फरवरी 2013 क्रूस के दौरान जलयान *मत्स्य दृष्टि* पर टेग्गिंग कार्यक्रम किया गया था । अक्षांश 13° 3./देशांतर 81° पू/एवं अक्षांश 13° 3./ देशांतर 82° पू के बीच के क्षेत्र से 98 से. मी. एवं 153 से.मी. के बीच द्विशाखी लंबाई की येल्लोफिन टूना *थुन्नस अलबकेरस* (बोन्नटेरे, 1788) पकडी गई । पोप अप टैग घुसेड़ने के बाद मत्स्यों को स्वस्थ हालत में शीघ्र छोड़ दिए गए ।





**(श्री सी बाबू, व. वैज्ञानिक सहायक, भा.मा.स. का चेन्नई बेस एवं श्री के सी साहू व अनुसंधान अध्येता, भा. मा. स. मुंबई (मुख्यालय) द्वारा संसूचित)**

## II. बहिर्गमन और प्रशिक्षण

### ए) बास्को, गोरेगॉंव, मुम्बई में ग्लोबल कोंकण मत्स्य उत्सव में भागीदारी

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई मुख्यालय ने 4-7 जनवरी 2013 के दौरान बास्को, गोरेगॉंव, मुम्बई में *ग्लोबल कोंकण मत्स्य उत्सव* में भाग लिया । प्रदर्शनी में फिशिंग गियरों एवं नावों के मॉडल, सर्वेक्षण गतिविधियों, सर्वेक्षण बेड़ों, मत्स्यन प्रणालियों, मात्स्यिकी संसाधन आदि पर चार्ट प्रदर्शित किए गए । भा. मा. स. स्टॉल जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों द्वारा आकर्षित किया गया था । आम जनता के अतिरिक्त विविध कॉलेज एवं स्कूल से एक हज़ार से भी अधिक छात्रों ने स्टॉल का दौरा किया ।



## बी) सिस्टाट -13 सोफ्टवेयर प्रयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



सिस्टाट-13 *सोफ्टवेयर प्रयोग* पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भा.मा.स. का चेन्नई बेस, चेन्नई में 7-9 जनवरी 2013 के दौरान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई (मुख्यालय) द्वारा क्रेन सोफ्टवेयर इन्टरनेशनल लि. बैगलूर के सहयोग से आयोजित किया गया। वैज्ञानिक कर्मचारी, अनुसंधान छात्र एवं सांख्यिकीविद् सहित कुल 31 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। श्री पुनीत कुमार, क्रेन सोफ्टवेयर इंटरनेशनल लि. बैगलूर ने सिस्टाट-13 सोफ्टवेयर प्रयोग पर प्रशिक्षण प्रदान किया। सोफ्टवेयर प्रशिक्षण के अतिरिक्त, प्रतिभागियों को आधुनिक सांख्यिकी पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रदान किया गया। प्रोफेसर रावणन, सांख्यिकी विभाग, चेन्नई एवं डॉ. ई.विवेकानंदन, एमिरटस वैज्ञानिक, सी एम एफ आर आई, चेन्नई ने *सामान्य सांख्यिकी प्रणालियों* एवं *स्टॉक निर्धारण मॉडल* पर क्रमश: व्याख्यान दिए ।

## सी) दयानंद कॉलेज सोलापूर, महाराष्ट्र में प्रदर्शनी

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई (मुख्यालय) ने 31 जनवरी 2013 से 01 फरवरी 2013 तक दयानंद कॉलेज ऑफ आर्टस एवं साईस, सोलापूर, महाराष्ट्र में सपन्न *उभरते संक्रामक रोग और पर्यावरण प्रदूषण में हाल के रुझानो* पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया । श्री अशोक एस. कदम, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक एवं श्री आर वी जॉन, प्रारुपकार ने प्रदर्शनी में भाग लिया ।

## डी) भावनगर, गुजरात में क्षेत्रीय कार्यशाला

*गुजरात तट के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों एवं विविधीकृत मत्स्यन प्रणालियों* पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला भावनगर, गुजरात में 26 फरवरी 2013 को आयोजित की गई । कार्यशाला स्थानीय मछुआरों के हित के लिए आयोजित की गई थी । डॉ. पी सी मल्ली, मात्स्यिकी के उप निदेशक, गुजरात सरकार, वेरावल मुख्य अतिथि रहे । श्री पी. सिवराज, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई बेस ने समारोह की अध्यक्षता की । गुजरात तट के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों पर सूचना एवं संपोषित मात्स्यिकी सुनिशिचत करने की ज़रुरत कार्यशाला के दौरान चर्चा की गई । कार्यक्रम में मत्स्यन उद्योग के प्रतिनिधियाँ, स्थानीय मछुआरे एवं मछुआरिन, ने भाग लिया । कार्यशाला के एक भाग के रूप में डॉ. अम्बेडकर भवन, भावनगर, गुजरात में एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई । प्रदर्शनी में विविध आधुनिक मत्स्यन तकनीक एवं मोनोफिलमेंट लॉग लाइन गियर सहित मात्स्यिकी संसाधनों पर चार्ट एवं मॉडल प्रदर्शित किये गये । भावनगर के बड़ी संख्या में स्थानीय मछुआरे एवं छात्रों को इन प्रदर्शनी से लाभ हुआ ।

## ई) मार्मुगोवा बेस में क्षेत्रीय कार्यशाला

*कर्नाटक के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों के संपोषित उपयोग हेतु परिरक्षण, प्रबन्धन एवं विकास* पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला 18 जनवरी 2013 को रविता सोसाइटी हॉल, भटकल, कर्नाटक में संचालित की गई । कार्यशाला का उद्घाटन श्री गंगाधर वी मडिक्केरी, संयुक्त निदेशक (समुद्री मात्स्यिकी), मात्स्यिकी निदेशक, कर्नाटक सरकार द्वारा किया गया । श्री सुरेश कुमार, मात्स्यिकी उप निदेशक, कर्नाटक सरकार ने समारोह की अध्यक्षता की । डॉ. राधाकृष्णन, सेवानिवृत प्रोफेसर, समुद्री जीव विज्ञान विभाग, आई जी केन्द्र, कारवार, माननीय अतिथि थे । डॉ. ए. के. भार्गव, क्षेत्रीय निदेशक ने प्रधान भाषण दिया और समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों के संपोषित उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला । स्थानीय मछुआरे, मछुआरा सहकारी संघ, नाव मालिक संघ एवं विपणन संघ के प्रतिनिधियों से कुल 120 मछुआरे कार्यशाला में भाग लिए । श्री गन्डाधरा वी मेडिकेरी, संयुक्त निदेशक (समुद्री मात्स्यिकी) मात्स्यिकी निदेशालय, कर्नाटक सरकार एवं मछुआरे कार्यशाला के लक्ष्यों की सराहना की। कार्यशाला के दौरान *तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधन एवं पैदावार प्रणालियाँ एवं संभावित मत्स्य क्षेत्र (पी एफ ज़ेड) तथा महासागर राज्य पूर्वानुमान* सहित विविध शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किए गए ।

## एफ)भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, विशाखपट्टणम (56 वॉ किसान मेला के दौरान) को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, विशाखपट्टणम 56 वॉ किसान मेला के दौरान सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार जीता। कार्यक्रम अनकपल्ले, विशाखपट्टणम में आचार्य एन जी रंगा, कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 5-6 फरवरी 2013 के दौरान आयोजित किया गया। 10, 000 से अधिक लोग स्टॉल का दौरा किए तथा भा. मा. स. की गतिविधियों की सराहना की । सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार का निर्णय किसानों की लोकप्रिय वोट, आम जनता और शिक्षाविदों द्वारा लिया गया । पुरस्कार में एक प्रमाण पत्र एवं एक प्रशास्ति पत्र शामिल है ।

## जी) विशाखपट्टणम बेस में क्षेत्रीय कार्यशाला

आन्ध्र प्रदेश तट के मात्स्यिकी संसाधनों पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला 15 मार्च 2013 को सेमिनार हॉल, कॉलेज ऑफ फिशरीज़ साइन्स, मुथुकुर में संचालित की गई । प्रोफसर टी वी रामन, डीन, एस वी वी विश्वविद्यालय, तिरुपति, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे । श्री एस. नारायण राव, मात्स्यिकी सहायक निदेशक, आन्ध्र प्रदेश सरकार ने समारोह की अध्यक्षता की । राज्य मात्स्यिकी विभाग से अधिकारियों तथा मत्स्यन उद्योग के प्रतिनिधियाँ एवं मछुओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रुप से भाग लिया । उत्तरदायी मात्स्यिकी की आचार संहिता पर एक नुक्कड़ नाटक भी कार्यक्रम के एक भाग के रुप में मयपाडु, नेल्लोर में आयोजित किया गया । प्रख्यात टेलिविजन कलाकारों सहित कलाकारें ने नुक्कड़ नाटक में भाग लिया ।

## एच) तमिलनाडु के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों एवं विविध मत्स्यन प्रणालियों पर क्षेत्रीय कार्यशाला

*तमिलनाडु के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों एवं विविध मत्स्यन प्रणालियों* पर क्षेत्रीय कार्यशाला भा. मा. स. का चेन्नई बेस द्वारा सार्वजनिक हॉल, चिन्ना नीलांकरै में 23 मार्च 2013 को आयोजित की गई । कार्यशाला स्थानीय मछुआरों के हित के लिए आयोजित की गई थी । श्री सी. मुनियानाथन, आई ए एस, मात्स्यिकी निदेशक, तमिलनाडु सरकार ने कार्यशाला का उद्घाटन किया । कार्यक्रम के एक भाग के रुप में एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। डॉ. ए. एनरोज़, क्षेत्रीय निदेशक ने महत्वपूर्ण भाषण दिए ।

## III. प्रचालन एवं वैज्ञानिक गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा बैठक (रोसा)

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई (मुख्यालय) में सर्वेक्षण पोतों तथा बेसों द्वारा की गई वैज्ञानिक गतिविधियों की परिमाणात्मक एवं गुणात्मक निष्पादन की वार्षिक समीक्षा 18-19 फरवरी 2013 के दौरान की गई । डॉ. के. विजयकुमारन, महानिदेशक ने बैठक की अध्यक्षता की । अध्यक्ष ने अपने प्रारंभिक संबोधन में भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण की गरिमा को बढ़ाने एवं भारत में समुद्री मात्स्यिकी विकास तथा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका अदा करने के लिए सभी का पूरे मन से सहयोग करने की अपील की । प्रभारी अधिकारी के साथ प्रत्येक बेस से यांत्रिक/सेवा अभियंता ने उपर्युक्त बैठक में भाग लिया । पोतों की परिमाणात्मक एवं गुणात्मक निष्पादन की समीक्षा की गई एवं पाया गया कि सब मिलाकर पोतों का कुल निष्पादन अच्छा था । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बेस स्तर पर सही तरीके से योजना बनाकर प्रस्तावित कार्यक्रम के कार्यान्वयन में कमी को दूर किया जाए । प्रत्येक बेस के वैज्ञानिक द्वारा की गई वैज्ञानिक गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं वैज्ञानिक अनुसंधान में हुई चूक को दूर करने के आवश्यक तरीकों पर चर्चा की गई । बैठक में कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के क्रम में विभिन्न शासकीय पहलुओं एवं लेखा के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में 2013-14 के लिए मात्स्यिकी सर्वेक्षण कार्यक्रम का मसौदा को अंतिम रुप दिया गया एवं कार्यक्रम को वैज्ञानिक उन्मुख तथा रणनीति प्रबंधन के साथ प्रभावकारी तरीके से कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया ।

### चौदहवीं परामर्शदात्री समिति बैठक भा. मा. स. मुख्यालय में

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुख्यालय की परामर्शदात्री की चौदहवीं



बैठक 11 मार्च 2013 को भा. मा. स. मुख्यालय मुम्बई में संपन्न हुई । डॉ. के. विजयकुमारन, महानिदेशक, भा. मा. स. ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रतिभागियों को स्वागत करते समय अध्यक्ष ने बैठक का उद्देश्य बताया एवं भा. मा. स के सर्वेक्षण एवं वैज्ञानिक गतिविधियाँ सुधारने हेतु सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए। उन्होंने वर्ष 2012-13 के दौरान संस्थान की गतिविधियों का सार प्रस्तुत किया । शिपयार्ड में शुष्क-गोदीकरण स्लोट मिलने में देरी, लंबे समय तक शुष्क गोदीकरण मरम्मतें, प्रमाणित कर्मियों की कमी आदि सर्वेक्षण जलयान के निष्पादन प्रभावित होने के प्रमुख कारण थे । बैठक में विभाग से 9 सदस्यों एवं 5 पर्यवेक्षकों ने भाग लिया ।

## IV. राजभाषा कार्यान्वयन

### हिन्दी टंकण में प्रशिक्षण

श्री चन्दगुप्त कुमार, एल डी सी ने मार्च 2013 में हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन हिन्दी टंकण परीक्षा 90% अंक के साथ उत्तीर्ण की । उनको ₹ 1600/- नकद पुरस्कार एवं एक वेतनवृध्दि बराबर वैयक्तिक वेतन बारह माह के लिए प्राप्त हुआ ।

### 'मत्स्य किरण' का विमोचन

विभागीय गृह पत्रिका 'मत्स्य किरण' अंक-4, 11 मार्च 2013 को श्री ओ पी मिश्रा, उप महानिदेशक (मा.), कृषि मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी, नई दिल्ली द्वारा भा. मा. स., मुख्यालय में संपन्न परामर्शदात्री समिति की बैठक में विमोचित किया गया ।

### श्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका हेतु पुरस्कार

वर्ष 2011-12 के दौरान प्रकाशित सर्व श्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका के रुप में भा. मा. स., के मार्मुगोवा बेस, मार्मुगोवा द्वारा प्रकाशित मत्स्य कीर्ति को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ । भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का कोच्चिन बेस को उनके प्रकाशन *मत्स्य ध्वनि* को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ । पुरस्कार भा. मा. स. (मुख्यालय) मुम्बई में 18 मार्च 2013 को संपन्न वार्षिक रोसा बैठक के दौरान वितरित किए गए ।

### हिन्दी संगोष्ठी में भागीदारी

श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. हिन्दी अनुवादक ने शिप्पिंग कारपरेशन ऑफ इन्डिया द्वारा 15 फरवरी 2013 को एस सी आई मॅरिटाइम प्रशिक्षण संस्थान, पवई, मुम्बई में 'संगठनात्मक परिवर्तन प्रबंधन' पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया ।

### मुम्बई (मुख्यालय) में हिन्दी कार्यशाला

कम्प्यूटर के ज़रिए हिन्दी का प्रयोग बढाने हेतु भा. मा. स. (मुख्यालय), मुम्बई में 19 मार्च 2013 को यूनिकोड पर एक दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण हिन्दी शिक्षण योजना, नवी मुम्बई के सहयोग से आयोजित किया गया । डॉ. राकेश कुमार, सहायक निदेशक ने प्रशिक्षण प्रदान किया । उन्होंने यूनिकोड़ फोन्ट के मूल जानकारी एवं यूनिकोड फोन्ट का प्रयोग कर कम्प्यूटर पर कैसे टंकण करना है पर प्रकाश डाला । उन्होंने सभी प्रतिभागियों से हिन्दी में कार्य करने हेतु यूनिकोड समर्थित फोन्ट का ही प्रयोग करने के लिए अनुरोध किया । कार्यशाला में बीस कर्मचारियों ने सक्रिय रुप से भाग लिया ।

## भा. मा. स., के बेस कार्यालय द्वारा आयोजित हिन्दी कार्यशाला ।

### कोच्चिन बेस

एक हिन्दी कार्यशाला 8 मार्च 2013 को आयोजित की गई । श्री के. विजयकुमारन, हिन्दी अधिकारी, लाइट हाउस विभाग ने राजभाषा नीति एवं टिप्पण एवं प्रारपण पर व्याख्यान दिए । 20 कर्मचारी सदस्य कार्यशाला में भाग लिया।

### विशाखपट्टणम बेस

एक हिन्दी कार्यशाला विशाखपट्टणम बेस कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई । इस अवसर पर डॉ. वीरोत्तमा पटर, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, मुख्य संकाय थी । उन्होंने कार्यालय काम में हिन्दी के प्रयोग के संबंध में व्याख्यान दिया । उसके बाद राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक भी हुई ।

## V. प्रशिक्षण/संगोष्ठी/कार्यशाला/परिसंवाद/बैठक/सम्मेलन में भागीदारी

### राष्ट्रीय

श्री ए वी तमाहने, व. वैज्ञानिक सहायक ने सी आई एफ ई, अन्धेरी, मुम्बई में 09-23 जनवरी 2013 को उत्तरदायी फसल और समुद्री खाद्य निर्यात के लिए गुणवत्ता मानक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।

डॉ. ए. एनरोस, क्षेत्रीय निदेशक ने बी ओ बी पी-आई जी ओ द्वारा चेन्नई में 22 जनवरी 2013 को आयोजित उत्तरदायी मात्स्यिकी हेतु पाँचवा आर टी सी- आचार संहिता के प्रतिभागियों को समुद्री मात्स्यिकी आँकड़ा संग्रहण प्रणलियों पर एक व्याख्यान दिया ।

श्री पी तमिलरसन, मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने टूना लॉग लाइनर्स के रूप में यंत्रीकृत मत्स्यन नावों का रुपान्तरण पर मात्स्यिकी निदेशालय, चेन्नई में 7 फरवरी 2013 को संपन्न प्रशासनिक समिति की बैठक में भाग लिया ।

पोर्ट ब्लेयर के वैज्ञानिक ने अंडमान एवं निकोबार समुद्र में तैनात मछली एकत्रीकरण डिवाइस (एफ ए डी) के प्रभाव अध्ययन पर महासागर विज्ञान और प्रौद्योगिकी हेतु अंडमान एवं निकोबार केन्द्र (एनकोस्ट), पोर्ट ब्लेयर, द्वारा 28 फरवरी 2013 को आयोजित चर्चा में भाग लिया ।

डॉ. ए. एनरोस, क्षेत्रीय निदेशक ने राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रो में मात्स्यिकी पर 4-5 मार्च 2013 को चेन्नई में बी ओ बी पी, आई पी ओ द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लिया तथा भारत में अपतट टूना मात्स्यिकी की वर्तमान रणनीति और संभावनओं पर शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया।

## VII. प्रशासनिक समाचार

### नियुक्तियाँ

श्री स्वप्निल शिवदास शिरके, को भा. मा. स. का पोर्टब्लेयर बेस में 21.01.2013 के प्रभाव से व. वैज्ञानिक सहायक के पद पर नियुक्त किया गया।

डॉ. अन्नडा भूषण कर, को मात्स्यिकी वैज्ञानिक के रुप में 28.01.2013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया एवं भा. मा. स. के विशाखपट्टणम बेस में तैनात किया गया ।

श्री प्रदीप एच डी, को मात्स्यिकी वैज्ञानिक के रुप में 13.02.2013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया एवं भा. मा. स के पोर्ट ब्लेयर बेस में तैनात किया गया ।

श्री प्रमोद कुमार वी, को वेलडर के रुप में भा. मा. स. कोच्चिन बेस में 18.02.2013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया ।

डॉ. शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी को मात्स्यिकी वैज्ञानिक के रुप में 27.02.2013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया एवं भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में तैनात किया गया ।

श्री मदनरंजन के, को क्रेन ऑपरेटर के रुप में भा. मा. स का कोच्चिन बेस में 01.032013 के प्रभाव से नियुक्त किया गया ।

### पदोन्नतियाँ/स्थानांतरण

श्री के पी रघुनाथ, कार्यालय अधीक्षक को 01.01.2013 से व. प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया एवं मुम्बई (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।

श्री ए वी के जोगी राजू को कार्यालय अधीक्षक के पद पर 25.02.2013 के प्रभाव से पदोन्नत किया गया एवं मुम्बई (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।

श्री जी पी पावले को कार्यालय अधीक्षक के पद पर 25.02.2013 के प्रभाव से पदोन्नत किया गया एवं मुम्बई (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।

श्री गोपाल थुले को कार्यालय अधीक्षक के पद पर 25.02.2013 के प्रभाव से पदोन्नत किया गया एवं मुम्बई (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।

श्रीमती राजश्री के मेन्डन को कार्यालय अधीक्षक के पद पर 25.02.2013 के प्रभाव से पदोन्नत किया गया एवं मुम्बई (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।

श्री सेतुरामन, बहु कार्मिक कर्मचारी (एम टी एस) को भा. मा. स का पोर्ट ब्लेयर बेस से चेन्नई बेस में स्थानांतरित किया गया ।

श्री टी वी चन्द्र सेखर, एल डी सी/हिन्दी टंकक को भा. मा. स का पोर्ट ब्लेयर बेस से चेन्नई बेस में स्थानांतरित किया गया ।

श्री के. गोविन्दराज, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक को पोर्ट ब्लेयर बेस से विशाखपट्टणम बेस में स्थानांतरित किया गया ।

श्री राहुल कुमार बी. टेलर, व. वैज्ञानिक सहायक को भा. मा. स. कोच्चिन बेस से, भा. मा. स., मुम्बई (मुख्यालय) में स्थानांतरित किया गया।

### सेवा निवृत्तियाँ

श्रीमती तंद्रा भट्टाचार्य, एम टी एस, अधिवर्षिता पर 31.01.2013 को भा. मा. स. मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुई ।

श्री के एन थंकप्पन, स्लिप वे वर्कर अधिवर्षिता पर 28.02.2013 को भा. मा. स. कोच्चिन बेस से सेवानिवृत्त हुए ।

श्री पी विजयन, मुख्य अभियंता ग्रेड-।।, अधिवर्षिता पर 31.03.2013 को कोच्चिन बेस से सेवानिवृत्त हुए ।

संकलनकर्ता : कुमारी राजश्री बी सनदी, संपादक: डॉ. एम के सजीवन, हिन्दी अनुवादक: मीरा वेल्लेन राजीव,
प्रकाशक: श्री प्रेमचंद महानिदेशक: भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, बोटावाला चेम्बर्स, सर पी एम रोड, मुम्बई-400 001,
तार: मीना वेबसाईट:htttp:/fsi.gov.in फैक्स: (022) 22702270.दूरभाषा: 22617144/45 मुद्रक: ऑनलूकर प्रेस, मुम्बई. दूरभाषा 022-22182939/3544